


# वृक्षों के विस्तार हेतु नीति और रणनीति पर कार्यशाला का आयोजन

**P3 Police Public Politics**

फतेहपुर शेखावाटी,(रोशन जमीर)। कृषि अनुसंधान केंद्र अखिल भारतीय कृषि वानिकी अनुसंधान परियोजना कृ.अनु. केंद्र फतेहपुर एवं राष्टीय अर्थशास्त्र और नीति अनुसंधान संस्थान नई दिल्ली के संयुक्त तत्वाधान में भारत के शुष्क क्षेत्र में जंगल के बाहर वृक्षों के विस्तार के लिए नीति और रणनीति पर विभिन्न हितधारकों के परामर्श और जागरूकता पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में राजस्थान राज्य के वानिकी से संबंधित 100 से ज्यादा हितधारकों ने भाग लिया। कार्यशाला की अध्यक्षता कर रहे प्रोफेसर बलराज सिंह, माननीय कुलपति, श्री कर्ण नरेंद्र कृषि विश्वविद्यालय जोबनेर ने कहा की राजस्थान राज्य में जंगल के बाहर वृक्षों के विस्तार की प्रचुर संभावना है तथा हमारे कृषि वानिकी की परियोजना के अंतर्गत कई तकनीकों को कृषकों एवं उद्योगों के हितधारियों को दी गई है साथ ही विश्वविद्यालय द्वारा वृक्षारोपण वृहत्त स्तर में किया जा रहा है इसमें सभी केंद्रों एवं महाविद्यालय में वृक्षारोपण किया जा रहा है । एन.आई. ए.पी.भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के निदेशक डॉक्टर पी. एस. बिरथल ने बताया कि संस्थान द्वारा शुष्क क्षेत्र में जंगल के बाहर पेड़ों के विस्तार के लिए नीति और रणनीति पर बहु हितधारकों से चर्चा हेतु कार्यशाला काफी लाभकारी व हितकारी रही तथा आगे नीति एवं रणनीति निर्धारण में उपयोगी रहेगी।